**श्री सभापति:** यह तय नहीं हुआ था। ...(**व्यवधान**)...

**श्री वी. हनुमंत राव:** दो घंटे तक हम उन्हें सुनते रहे। ...(**व्यवधान**)...

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: He will have the right to reply.

**श्री सभापति:** आप बैठिए। बैठिए। ...(**व्यवधान**)... एक मिनट बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

DR. MANMOHAN SINGH: Mr. Chairman, Sir, I have listened with great interest to what Shri Jaswan Singhji had to say. I regard Shri Jaswant Singhji as a man of honour and a decent man, and it is precisely because I hold him in such high esteem that I requested him. You are levying serious charges against the people in the PMO. Not only in the previous PMO. In once of your television interviews, you said, 'we were snooped, we are being snooped', implying that the present PMO also has a mole. And, it is in that context, I appeal to your sense of chivalry that if you have any evidence, you should name that person, and if you do not name the person, I think, let the country draw its own conclusions. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: The matter is over. ...*(Interruptions)*...

SHRI JASWANT SINGH: Sir, ...*(Interruptions)*...

SHRI YASHWANT SINHA: Please listen to what the Leader of the Opposition has to say. ...*(Interruptions)*...

**श्री सभापति:** बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... We are now taking the Cantonments Bill, 2003. ...*(Interruptions)*...

---

## GOVT BILLS
## THE CANTONMENTS BILL, 2003

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE) : Mr. Chairman, Sir, I beg to move

> "That the Bill to consolidate and amend the law relating to the administration of cantonments with a view to impart greater democratisation, improvement of their financial base to make provisions for developmental activities, proper regulation, control and management of defence lands including extension of cantonment laws to such lands situated througout the territory of India and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."...*(Interruptions)*...

Sir, I would also move the amendments. ...*(Interruptions)*... Sir, the hon. Members are aware of ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: It is the Contonments Bill. He has spoken on it. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Sir, it was decided that after the Prime Minister's observation, we will take up the normal Government business, and this Bill is the ...*(Interruptions)*... creation of Rajya Sabha, a very important Bill. Let the Bill be considered, and the hon. Members can discuss it. ...*(Interruptions)*... My respectful submission to the leaders would be, it was decided in your Chambers, Sir, that after the Leader of the Opposition completes his observations and after the hon. Prime Minister's observations, business would be taken up ...*(Interruptions)*... We need to conduct the business of the House. Is it fair that we come here everyday and waste time? I think there is no point in this ...*(Interruptions)*... Therefore, my most respectful submission would be that this is an important Bill ...*(Interruptions)*...The Bill was referred to the Parliamentary Standing Committee. The Parliamentary Standing Committee made substantial recommendations and after recommendations were made, Government considered them. The hon. Members must know ...*(Interruptions)*...my most respectful submission to you would be even in your ...*(Interruptions)*...the Bill should be passed...*(Interruptions)*... The Bill must be allowed to be passed ...*(Interruptions)*...because of the disruptions from hon. Members. Therefore, my most respectful submission is that it is a 1924 Bill; the first Cantonment Act was enacted in 1924. And today, we are living in 2006.

It is absolutely necessary that this House should give...*(Interruptions)*...Should I sit down, Sir?...*(Interruptions)*...I would like the Bill to be taken up ...*(Interruptions)*...I can wait till the commotion is cleared, but let us take up the Bill today. This is not the way to function...*(Interruptions)*...I commend that the debate be started...*(Interruptions)*...After that, I would like to respond to the debate...*(Interruptions)*...

*The question was proposed.*

MR. CHAIRMAN: The House is adjourned till 3.00 p.m.

The House then adjourned at
thirty-one minutes past two of the clock.

The House reassembled at three of the clock,
Mr. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair

**श्रीमती सुषमा स्वराज** (मध्य प्रदेश): धन्यवाद उपसभापति जी। उपसभापति जी, मैं रक्षा मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किए गए "The Cantonments Bill, 2006" पर बोलने के लिए खड़ी हुई हूं।

उपसभापति जी, मेरा जन्म एक छावनी क्षेत्र में हुआ। अम्बाला कैंट में मैं जन्मी, वहीं पली, पढ़ी, बड़ी हुई। उसके बाद मेरा राजनैतिक सफर भी अम्बाला कैंट में ही शुरू हुआ। मैंने दो बार अम्बाला कैंटोनमेंट का एमएलए के तौर पर हरियाणा विधानसभा में प्रतिनिधित्व किया। उसके बाद जब मैं दक्षिण दिल्ली से सांसद चुनी गई, तो दिल्ली कैंटोनमेंट मेरे संसदीय क्षेत्र में आता था। यह बात मैं इसलिए कह रही हूं कि रक्षा मंत्री जी को यह बता दूं कि मैंने एक निवासिनी के तौर पर भी छावनी की समस्याओं को भोगा है और एक जनप्रतिनिधि के नाते भी छावनी की समस्याओं को जाना और समझा है। इसलिए मैं जो कुछ भी इस बिल के बारे में यहां कह रही हूं, वह कहीं से पढ़ा या सीखा हुआ नहीं है, बल्कि अपने अनुभवों के आधार पर कह रही हूं।

रक्षा मंत्री जी, इससे पहले कि मैं अपनी बात शुरू करूँ, मैं आपको एक सुझाव देना चाहूंगी कि यह बिल बहुत बड़ा है। इसमें 365 धाराएं हैं, 5 अनुसूचियां हैं, यह बिल 140 पृष्ठों में चलता है। इस बिल में आपने अपनी ओर से 60 संशोधन प्रस्तुत किए हैं आपको मेरा सुझाव है कि जब भी कभी इतनी बड़ी संख्या में संशोधन प्रस्तुत किया जाना हो, तो पुराने बिल को विदड्रॉ करके, वापस लेकर एक नया बिल नए रूप में देना हमेशा अच्छा रहता है। क्योंकि यह बिल जब आपने पिछली बार दिया, हम लोगों ने इसको पढ़ लिया, तब तो मालूम नहीं था कि सरकार की ओर से क्या संशोधन आने वाले हैं और अब एकदम 60 संशोधनों का पुलिन्दा आ गया। आप जानते हैं कि संशोधन अलग से नहीं पढ़े जा सकते। संशोधन पढ़ने के लिए मूल बिल को साथ रखना पड़ता है। क्योंकि संशोधन में तो लिखा ही यही होता है कि पृष्ठ इतने पर धारा इतनी, पंक्ति इतनी, उसमें फलां को फलां पढ़ा जाए, उसका लोप कर दिया जाए, उसको संशाधित कर दिया जाए। बार-बार पन्ने पलटते-पलटते 60 संशोधनों के बारे में, कई बार तो खीझ होने लगती है और बहुत असुविधा होती है। सांसदों को पढ़ने में जो असुविधा हुई, मुझे जो असुविधा हुई, वह तो हुई, लेकिन रक्षा मंत्री जी, असुविधा आपको भी होने वाली है, जिस समय आप ये संशोधन मूव करने के लिए खड़े होंगे। हमारे यहां यह प्रथा नहीं है कि आप 60 के 60 संशोधन एक साथ मूव कह दें। आप देखिएगा, मैं भी यहीं हूं और आप भी यहीं हैं। आप बहुत उत्साह से शुरु करेंगे।

**श्री उपसभापति:** मुझे भी असुविधा होगी।

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** मैं उस पर आ रही हूं। उसमें आप शुरु इससे करेंगे...

SHRI PRANAB MUKERJEE: You are absolutely correct.

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** आप पहले कहेंगे, "I move my amendment number so and so. I move my amendment number so and so." 10 तक यह सिलसिला चलेगा, उसके बाद आप कहेंगे, "I move my amendment." 30 तक आते-आते आप कहेंगे, "I move, I move." सर, आपको करीब 100 बार उठक-बैठक करनी पड़ेगी। मेरी असुविधा के बाद आपको असुविधा भोगनी पड़ेगी। तीसरी असुविधा पीठासीन अधिकारी को भोगनी पड़ेगी। 60 संशोधन पारित करवाने में अगर एक-एक मिनट भी हम लगाएं ayes, noes, put up करना। इस सारे में इस बिल को पारित करने में एक घंटा लगेगा और उतनी ही इन सांसदों को पड़ेगी, जो ayes, noes, ayes, noes कहते रहेंगे। इस सारे से बचा जा सकता था, अगर आप इस बिल को विदड्रा कर लेते। उन 60 संशोधनों का इसमें समावेश करते हुए एक नया बिल रख देते, तो पहली बार में ही हम जो बिल पढ़ते, उसे नए रूप में पढ़ते और आप भी यहां पर इस सारी की सारी असुविधा से बच जाते। वैसे मैंने भी आपकी थोड़ी-सी असुविधा बढ़ा दी है, पर मेरे पास चारा नहीं था। मैंने संशोधन तो बहुत बनाए थे, मैंने 25 संशोधन बनाए थे। मगर आपकी इस असुविधा को देखते हुए मैंने इसे 11 कर दिया है। मुझे इसे 11 इसलिए करना पड़ा, क्योंकि एक तो मेरे पास कोई विकल्प नहीं कि मैं बिल में संशोधन लाऊं। मैं तो केवल संशोधन के रूप में ही संशोधन ला सकती हूं। लेकिन दूसरी बात यह भी थी कि मुझे संशोधन ऐसे लगे, जिन्हें शायद आप स्वीकार कर लें। मैं जानती हूं, दलीय प्रजातंत्र में संख्या बल पर संशोधन आते हैं। अगर संख्या बल पर इस हाउस में वोटिंग हुई तो निश्चित तौर पर मेरे संशोधन गिरेंगे, लेकिन कुछ संशोधन ऐसे हैं जिन के बारे में जब मैं बोलूंगी तो शायद उन्हें स्वयं आप का मन चाहेगा और हो सकता है आप उन को स्वीकार कर लें। उस समय यदि आप मुझे कहते कि आप का सुझाव तो अच्छा है, लेकिन यदि आप अमेंडमेंट देतीं तो मैं स्वीकार करता। इसलिए आप को यह हैंडल न मिल जाय, यह बहाना न मिल जाय, इसके लिए मैंने आज संशोधन प्रस्तुत किए हैं। उपसभापति महोदय, मैं इस में 11 संशोधन प्रस्तुत कर रही हूं। यह सुझाव देने के बाद अब मुझे लगता है कि आन ने पहले ही कह दिया कि I am correct क्योंकि आप इस तरह की असुविधाओं से बहुत बार गुजरे होंगे, as a Finance Minister जब आप फाइनेंस बिल पास कराते थे, लेकिन कैंटोनमेंट बिल पर आप को यह असुविधा सहनी पड़ेगी, इस की आप ने कल्पना नहीं की थी। पहला केन्टोनमेंट एक्ट 1924 में बना था। आज 82 वर्षों के बाद हम इस कैंटोनमेंट एक्ट को संशोधित कर रहे हैं। अब 82 वर्षों में तो दुनिया बदल गयी है, एक बेचारे कैंटोनमेंट की क्या बिसात है। पहले जो जनसंख्या थी वह कई-कई गुना हो गयी और जब जनसंख्या कई-कई गुना हो

गयी और साधन उतने ही रहे तो समस्याऐं कितनी गुना हो गयीं, उनकी तकलीफ कितने गुना हो गयीं? इसीलिए आप ने जब कैंटोनमेंटों का वर्गीकरण किया तो बजाय 3 से 4 भागों में किया। उपसभापति जी, 1924 के एक्ट में कैंटोनमेंट को तीन श्रेणियों में बांटा जाता था और आप हैरान होंगे सबसे बड़ा कैंटोनमेंट 10 हजार से ऊपर वाली जनसंख्या का बनता था। लेकिन आज रक्षा मंत्री जी ने जो बिल पेश किया है, उस में सब से बड़ा कैंटोनमेंट 50 हजार से ऊपर की जनसंख्या का रखा है और 10 हजार से ऊपर व 50 हजार से नीचे के कैंटोनमेंट को श्रेणी दो में रखा गया है, ढाई हजार से ऊपर और 10 हजार से नीचे की जनसंख्या को श्रेणी तीन में रखा गया है व ढाई हजार तक के कैंटोनमेंट को श्रेणी चार में रखा गया है। यह आपने नई श्रेणी बनायी है, लेकिन जब मैं इस बिल के उद्देश्य व कारणों का विवरण पढ़ती हूं तो उसमें 5 उद्देश्य दिखाई देते हैं जिसमें सब से पहला वृहत्तर लोकतंत्रीकरण है जिसके आप ने greater democratisation कहा है। अब वृहत्तर लोकतंत्रीकरण के नाम पर आप यह बिल लाए हैं, लेकिन मुझे क्षमा करेंगे कि यह बिल अभी तक जो लोकतंत्र चल रहा था, उस लोकतंत्र को भी कम कर रहा है और कहीं-कहीं तो उसे नकार रहा है।

मैं एक बात आप को यहां हाथ जोड़कर निवेदन कर दूं कि जवाब देते समय यह मत कहिए कि यह आप के समय का बिल है। यह 2003 में बना था और इस के नीचे जॉर्ज फर्नांडिस का नाम लिखा है क्योंकि ''मीठा-मीठा गप्प और कड़ुआ-कड़ुआ थू'' नहीं चल सकता, या तो आप हमारे किए हुए तमाम कामों को आंकिए, लेकिन जहां आप को सूट करता है, वहां आप बदल देते है। आपने ''पोटा'' निरस्त कर दिया, लेकिन कैंटोनमेंट बिल पर आप यह कह दें कि यह तुम्हारे समय का बिल है। हां, हमारे समय बिल ड्राफ्ट जरूर हुआ था, लेकिन जब बिल ड्राफ्ट होता है तो मंत्री उसे नहीं देखता, अधिकारी उस को ड्राफ्ट करते हैं। उस के बाद जब स्टेंडिग कमेटी को जाता है और स्टेंडिग कमेटी की अनुशंसाएं आती हैं। उस समय जरूर उसे मंत्री को देखना चाहिए क्योंकि उस समय बिल में जनता की भावना समाविष्ट हो चुकी होती है। जब हम स्टेंडिंग कमेटी में बैठते हैं तो दलगत राजनीति से ऊपर उठकर बैठते हैं, दलीय सीमाओं को लांघ जाते हैं, इसलिए बहुत अच्छी अनुशंसाएं कमेटी में आती हैं। आप ने 60 संशोधन दिए हैं, मुझे दुख के साथा कहना पड़ता है कि कमेटी ने जितनी अनुशंसाएं लोगों को राहत देने वाली की थीं, जितनी अनुशंसाएं इस बिल को और ज्यादा डेमोक्रेटिक बनाने के लिए की थीं, उनमें से आपने एक भी स्वीकार नहीं की है। मैं यह बात पूरी जिम्मेदारी से कह रही हूं कि 60 संशोधन आप की तरफ से आए, लेकिन एक भी संशोधन जो वाकयी इस को लोकतंत्रीकरण की तरफ बढ़ाता, इस का लोकतंत्रीय स्वरूप और ज्यादा बड़ा करता, उसे आपने स्वीकार नहीं किया। मैं उदाहरण देना चाहूंगी, उपसभापति जी, मैं छोटी बात से शुरू करती हूं। कैंटोनमेंट बोर्ड का एक अधिकारी होता है सी॰ई॰ओ॰ उस को अभी तक 1924 एक्ट के तहत कैंटोनमेंट एक्जीक्यूटिव ऑफिसर कहा जाता

था, आज इस 2006 वाला बिल उसे चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर बता रहा है। आप कहेंगे क्या फर्क हो गया, जरा सा भाषा का हेरफेर है? नहीं, उपसभापति जी, यहा भाषा का हेरफेर नहीं है, यह भावों का हेरफेर है, यह अधिकारों का हेरफेर है। जब आप किसी को कैंटोनमेंट का चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर कहते हैं, तो आप के मन में एक शक्ल बनती है कि वह कैंटोनमेंट का एक अधिकारी होगा, कार्यकारी अधिकारी होगा जो एक्जीक्यूटिव फंक्शस करता होगा। जब आप उसे किसी को इंट्रोडयूस कराते हैं, और कहते हैं, he is a Chief Executive Officer, तो आप के मन में एक सूरत बनती है, अच्छा यह कैंटोनमेंट का सर्वे-सर्वा होगा यह cantonment का मुखिया-जैसा होगा और यह सच है। आपने केवल भाषा ही नहीं बदली, उसको केवल Chief executive officer का दर्जा ही नहीं दिया, बल्कि आपने उसके अधिकार बढ़ाकर उसको वाकई सर्वेसर्वा बना दिया। मुझे दुख इस बात का है कि जो बात मैं कह रही हूँ, वह स्टैंडिंग कमेटी ने भी कही थी। स्टैंडिंग कमेटी ने तो यहाँ तक कहा था कि उसे बोर्ड का मैम्बर भी नहीं रहना चाहिए, केवल एक्जिक्यूटिव रहना चाहिए। अगर आपको संशोधन स्वीकार करना चाहिए था, तो सबसे पहले यह स्वीकार करना चाहिए था, लेकिन आपने स्वीकार नहीं किया। मैं आपको Recommendation पढ़कर बताती हूं। मैं यह स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट पढ़ रही हूँ।...(व्यवधान)... मैं यह पेज 13 पर recommendation 3.10 and 3.11 पढ़ रही हूँ: "The Committee, after carefully examining the suggestions, given by various organisations/associations and individuals are also of the view that the CEO should not be made the member of the Board." यह है उसकी रिकमेंडेशंस। 3.11 में है कि "The Committee feels that the CEO should act only as an executive to carry out legislative instructions of the Board and should be accountable to the Board. कमेटी आपको कहती है कि आप CEO को मैम्बर मत बनाइए। उसको केवल एक्जिक्यूटिव फंक्शंस करने दीजिए और उसके साथ-साथ उसे बोर्ड के प्रति भी उत्तरदायी बनाइए। लेकिन आपने बोर्ड को क्या बनाया? मैं आपको धारा-दर-धारा, clause-after-clause पढ़कर सुनाना चाहूँगी कि कहाँ-कहाँ जो अधिकार पहले वहाँ के निर्वाचित सदस्यों के पास थे, आज आपने वह लेकर CEO को दे दिए। रक्षा मंत्री जी, आपको मालूम है कि 1924 के एक्ट में, टैक्स का जो एसेसमेंट होता है, उस एसेसमेंट पर जब आपत्तियाँ सुनी जाती हैं, तो उसका अधिकार एक एसेसमेंट कमेटी को था, जो निर्वाचित सदस्यों से बनती थी। अब यह अपने आप में कितनी बड़ी बात है कि जब टैक्स का एसेसमेंट होता है, उससे बहुत से लोग त्रस्त होते हैं। वे अपनी आपत्तियां सुनाना चाहते हैं। जब पब्लिक के लोग बैठते हैं, तो वे उसको बहुत संवेदनशीलता से सुनते हैं। इन्होंने उस एसेसमेंट कमेटी की बात हटाकर एसेसमेंट करने का वह अधिकार

आज CEO को दे दिया है। अब एसेसमेंट कमेटी उसको नहीं करेगी, आपत्तियां सुनने की जो बात थी, अब वह आपत्तियां नहीं सुनेगी, बल्कि वह CEO सुनेगा।

दूसरी बात, एसेसमेंट लिस्ट का जो authentication होता था, वह कमेटी का मैम्बर करता था। अब इन्होंने कह दिया कि CEO प्रेसिडेंट की अप्रूवल से यह करेगा। प्रेसिडेंट भी यहां निर्वाचित सदस्य नहीं है, उसको मैं बाद में बताउंगी। वह भी स्टेशन कमांडिंग ऑफिसर था। CEO प्रेसिडेंट की अप्रूवल से लिस्ट को authenticate करेगा, जो पहले एसेसमेंट कमेटी का मैम्बर करता था। इस तरह वह भी आपने हटा दिया। एसेसमेंट लिस्ट का संशोधन, एमेंडमेंट पूरे-का-पूरा बोर्ड करता था। फुल बोर्ड बैठता था, जिसमें सारे निर्वाचित सदस्य बैठते थे। वह आपने हटाकर CEO को दे दिया। क्योंकि यह इतना बड़ा बिल है, इसलिए मैं सारी धाराओं को एक साथ नहीं बता सकती, लेकिन मैंने आपको ये तीन उदाहरण दिए हैं कि आज का आपका यह बिल CEO को सर्वेसर्वा बना रहा है और एसेसमेंट ऑफ प्रोपर्टी जैसी चीज़ को भी आम लोगों से, निर्वाचित सदस्यों से हटाकर CEO को दे रहा है। इस पर भी कमेटी का रिकमेंडेशन है। कमेटी का रिकमेंडेशन वही है, तो मैं कह रही हूं। 5.5, पेज 35 में है कि - "The Committee further feels that the objection received to evaluation or asssment should be enquired into or investigated by a committee consisting of both nominated and elected members of the board or civil area committee instead of conferring this power on CEO," लेकिन, यह आपने नहीं माना।

अब मैं आपको वृहत्तर लोकतंत्र का दूसरा पहलू बताती हूं। रक्षा मंत्री जी जो बिल लाए हैं, उसकी धारा 12, उपधारा 3 और छ, वह 6 नहीं है बल्कि अंग्रेजी का G है, उसमें आपने निर्वाचित सदस्यों की संख्या बढ़ाकर, जो पहले सात थी, अब आठ कर दी है। आप उसको डेमोक्रेटाइजेशन, ग्रेटर डेमोक्रेटाइजेशन बता रहे हैं कि आपने एक निर्वाचित सदस्य बढ़ा दिया। इसी तरह category 2 में धारा 12 की उप धारा 4 और छ, यानी G, में आपने सदस्यों की संख्या 6 से बढ़ाकर 7 कर दिया है। इस तरह एक-एक सदस्य बढ़ाया है और इसको ग्रेटर डेमोक्रेटाइजेशन कहा जा रहा है कि हमने निर्वाचित सदस्यों की संख्या एक बढ़ा दी है। लेकिन उपसभापति जी, ग्रेटर डेमोक्रेटाइजेशन के मायने हैं कि nominated और *ex-officio,* यानी मनोनीत और पदेन सदस्यों से निर्वाचित सदस्यों की संख्या कम-से-कम एक ज्यादा हो, तो हम उसको डेमोक्रेटाइजेशन कहते हैं। लेकिन यह कुल संख्या कितनी बन रही है? एक्स-ओफिसियो, नोमिनेटेड भी 8 और इलेक्टेड भी 8, कुल मिलाकर 16, एक भी संख्या ऊपर नहीं। इसी तरह कैटेगरी दो में 7 और 7, कुल 14, एक भी

संख्या ऊपर नहीं। इसके अलावा एक और बात मैं कहना चाहती हूं, जो सुविधा की दृष्टि से कहना चाहती हूं कि जहां कहीं भी, रक्षा मंत्री जी, जिस किसी भी संस्था में निर्णय वोटिंग से होने का प्रावधान हो, वहां नंबर ओड होना चाहिए, इवेन नहीं। ओड नंबर होता है, तो एक ही बार में फैसला हो जाता है, जैसे यदि 15 सदस्य हो तो 8 और 7 वोट पड़ेगें ज्यादा से ज्यादा। अब यहां हर निर्णय में 8 और 8 होने लगें, सपोज निर्वाचित सदस्य सारे एक तरफ हो जाएं और नोमिनेटेड, एक्स-ओफिसियों एक तरफ हो जाएं, तो आपके लिए तो हर दिन झगड़ा। फिर आप इसे कैसे करेंगे? क्या आप वीटो पावर देंगे प्रेसीडेंट को या ड्रा ऑफ लोट्स करेंगे, लॉटरी से निकालेंगे? अगर आप ग्रेटर डेमोक्रेटाइजेशन चाहते थे, तो निर्णय निर्वाचित सदस्यों की संख्या एक बढ़ाकर के किए जाने चाहिए थे, आपने इवेन नंबर लाकर के कर दिया। इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि यह बहुत छोटे-छोटे संशोधन मैंने दिए हैं, अगर आपको मेरी बात समझ में आ रही है तो, कोई प्रिस्टेज का सवाल नहीं है, सरकार के साथ हम इसमें हैं, मैं कोई ऐसी चीज नहीं कह रही हूं, जो मेरे दल को फायदा देगी, इसलिए इसको आप कर सकते हैं और जहां मैंने यह कहा है कि 8 सदस्यों की जगह 9 कर दीजिए और 7 से 8 कर दीजिए, तो संख्या 16 की जगह 17 हो जाएगी, अनइवेन यानी ओड हो जाएगी और जहां यह संख्या 14 है वहां पर 15 हो जाएगी, अनइवेन यानी ओड हो जाएगी। इससे आपका ग्रेटर डेमोक्रेटाइजेशन का उद्देश्य, बृहत्तर लोकतंत्र का आपका उद्देश्य पूरा हो सकेगा क्योंकि निर्वाचित सदस्यों की संख्या, चाहे एक ही ज्यादा हो, मगर नोमिनेटेड और एक्स-ओफिसियो से ज्यादा होगी।

महोदय, इसी श्रृखंला में मैं यह कहना चाहती हूं कि धारा-19 की उपधारा-1 में आपने कहा है कि स्टेशन कमांडिंग ऑफीसर प्रेसीडेंट होगा, अध्यक्ष होगा। एक तरफ आप कहते हैं कि हम इसको म्युनिसपैलिटी का दर्जा देंगे, कैंटोनमेंट को आपने डीम्ड म्युनिसपैलिटी यानी नगरपालिका माना है। किसी भी नगरपालिका में क्या प्रेसीडेंट कोई अधिकारी होता है? हमने 73वां और 74वां संशोधन पारित किया। जितनी हमारी निर्वाचित बॉडीज हैं, सब में चुना हुआ सदस्य अध्यक्ष होता है, कुछ जगहों पर तो डायरेक्ट इलेक्शन का प्रावधान है, कुछ जगह मेयर डायरेक्ट चुना जाता है, कुछ जगह मेयर जो निर्वाचित सदस्य हैं उनसे चुना जाता है, लेकिन कहीं भी अधिकारी अध्यक्ष नहीं होता है। जिला-परिषद जो हैं, उस जिला-परिषद का अध्यक्ष भी अधिकारी नहीं होता, जिला-परिषद का अध्यक्ष चुना जाता है, नगर-पंचायत के अध्यक्ष चुने जाते हैं, इवेन गांव के सरपंच चुने जाते हैं। एक तरफ आप कह रहे हैं कि कैंटोनमेंट इलेक्टेड बॉडी है, ग्रेटर डेमोक्रेटाइजेशन भी है और आप दूसरी तरफ यह भी कह रहे हैं कि डीम्ड म्युनिसपेलिटी भी है, लेकिन धारा-19 की उपधारा-1 में आपने कहा है कि स्टेशन कमांडिंग ऑफीसर प्रेसीडेंट होगा। जब स्टेशन कमांडिंग ऑफीसर प्रेसीडेंट होगा, तो डेमोक्रेसी कैसे होगी? इसलिए मेरा यह भी सुझाव है कि आप चाहें तो मेयर की तरह डायरेक्ट चुनाव करा सकते हैं, अगर नहीं तो जो मैंने एक संशोधन

दिया है कि अध्यक्ष निर्वाचित सदस्यों में से होगा, मान लीजिए। आप इतना तो करें कि जो 8 लोग चुनकर आ रहे हैं, जैसा मैंने कहा, अगर आप मान लें 9 लोग, तो उन 9 लोगों में से आप निर्वाचित सदस्यों से अध्यक्ष बनाएंगे, तो वाकई लगेगा कि आप ग्रेटर डेमाक्रेटाइजेशन की तरफ बढ़े हैं, वरना यह बात केवल इस किताब में लिखी हुई पढ़ लेंगे कि यह बृहतर लोकतंत्रीकरण के लिए बिल लाया गया है, जब कि वास्तव में वह लोकतंत्र इसमें कहीं दिखता नहीं है। इसका तीसरा पहलू बृहत्तर लोकतंत्र के विरोध में जाता है, वह यह कि आपने इसमें टैक्स कितना लगेगा, क्या लगेगा, इसका भी फैसला स्वयं कर दिया है एक्ट के माध्यम से। आपने यह धारा 68 में कह दिया है कि जो कर लगेगा, यह कर 10 परसेंट से कम नहीं होगा और 30 परसेंट से ज्यादा नहीं होगा। कौन सी म्यूनिसपल कमेटी एक्ट से तय करते है कि आप कितना टैक्स लगाएंगे और किस चीज पर टैक्स लगाएंगे? इस बिल की धारा 66और 67 में यहां आपने कहा है कि यह-यह कर लगेंगे, इस पर आपकी स्टेंडिंग कमेटी ने कहा है कि आप यह डबल टैक्सेमन करने जा रहे हैं। मैं आपको स्टेंडिंग कमेटी की रिकमेंडशन पढ़कर सुनाती हूं। स्टेंडिंग कमेटी की रिकमंडेशन है - पेज 34, पैराग्राफ 5(2) में – "The Committee feel that the mater of levying property tax and other taxes in the cantonment area needs a flexible regime. If these conditions are laid down in the Act, it could become rigid. The Committee feel that the existing provision of the cantonment Act, 1924 should be retained in the present Bill. The Committee desire that all efforts should be made to ensure that civil residents of the cantonment areas are not subjected to double taxation." धारा 66 में इन्होंने स्वयं तय कर दिया है कि कौन-कौन सी जगह पर प्रापर्टी टैक्स लैवी किया जा रहा है। इसी तरह से धारा 67 में तय कर दिया है कि फीस कहां-कहां ली जाएगी। 67 पर भी स्टेंडिंग कमेटी की रिकमेंडेशन है:-

"The Committee note that under sub-clause(e) of this clause, there is a provision to charge lincence fee on entry of vehicles. All types of vehicles of the residents of cantonment are taxed by the Regional Transport Officer who recovers tax as well as licencee fee for vehicles. The Committee feel that imposing taxes by the Cantonment Board may lead to double taxation. Therefore, the Committee desired that vehicles of the residents of the cantonment areas should not be subject to this fee as they may have to fequently travel outside the cantonment area."

और जैसा मैंने कहा कि मैं अम्बाला कैंट में रहती हूं, मैंने इनको स्वयं भोगा है। अम्बाला कैन्टोन्मेंट में ऐसा एरिया है जो बिल्कुल साथ लगता है और सिविल एरिया म्युनिसिपल कमेटी का बन जाता है। एक समय था जब यह सारे का सारा कैन्टोन्मेंट एरिया था, लेकिन हम लोग धन्यवाद

देते है हैं जब चौधरी बंसी लाल रक्षा मंत्री बने तो अम्बाला कैंट से यह ज्ञापन आया, यह मांग पत्र आया कि इस एरिया को एकसीड कर दें, कुछ सिविल एरिया हमें दे दें, जहां हमें बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। तो काफी बड़ा एरिया अम्बाला कैन्टोन्मेंट से निकाला गया और सिविल एरिया बना। अब मैं आपको बताना चाहती हूं कि मेरा एक घर कैन्टोन्मेंट एरिया में था और एक घर सिविल एरिया में था। हम लोग रहते सिविल एरिया में थे, लेकिन हमारा एक बंगला था - बंगला नं॰ 75, माल रोड, कैन्टोन्मेंट एरिया में। अब अगर वहां से हम अपने 75 नम्बर बंगले में जाएं, सुबह मैं पढ़ने के लिए जाया करती थी, अगर हम वहां जाएं और शाम को अपने घर आएं, तो क्योंकि व्हीकल एक बार कैन्टोन्मेंट एरिया में जा रहा है और एक बार म्युनिसिपल एरिया में आ रहा है, तो आप भी हमसे फी लेंगे और यह भी हमसे फी लेंगे। तो इतना बेतुका यह कर है, जिसको खुद कमेटी ने कहा है कि यह डबल टेक्सेशन है। और ये चीजें एक्ट में लिखी जाती हैं क्या? मैं बार-बार जो इनसे कह रही हूं कि 66 और 67 में, आपने प्रापर्टी टैक्स की बात की, 67 में आपने लेवी ऑफ फीस की बात की और यह भी बताया कि फीस किन-किन चीजों पर लगेगी, पर 68 में तो आपने यह भी बता दिया कि 10 परसैंट से कम मत लगाना और 30 परसैंट से ज्यादा मत लगाना। उपसभापति जी, अगर किसी एक इलेक्टिड बॉडी को ग्रेटर डिमोक्रेटाइजेशन के नाम पर लाया गया और उस बाडी को इतना भी अधिकार नहीं है कि वह अपने टैक्स की सीमा तय कर सके, वह भी एक्ट बताएगा तो हंसी आती है। यहां बी॰जे॰पी॰ के लोग बैठे हैं, उनको ध्यान होगा कि कर्नाटक में 'उडुपी' की जो म्युनिसिपल कमेटी है, परम्परागत ढंग से भारतीय जनता पार्टी के हाथ में हैं आपने कभी सुना होगा वहां कि 'उडुपी' की नगर पालिका ने कभी कोई टैक्स नहीं लगाया, और हमेशा प्राफिट में रही! यह उदाहरण है, पूरे देश में यह अनुकरणीय उदाहरण है 'उडुपी' नगर पालिका के लोगों ने कभी कोई टैक्स नहीं लगाया, तब भी वह प्राफिट में है। इसलिए मैं कहना चाहूंगी कि कम से कम आप इतना तो छोड़िए। इसलिए उसका भी मैंने संशोधन दिया, जहां मैंने कहा है कि ये कर लगेंगे, लेकिन उसके आगे कहा है कि जहां 10 परसैंट से 30 परसैंट है, उसका लोप कर दिया जाए, मैंने बोला है कि उसको आप हटा दें। क्योंकि अगर आप यहां से तय करेंगे तो फिर वहां बैठकर लोग तय कैसे कर सकेंगे। किसी कैन्टोन्मेंट में किसी तरह की चीजें हैं, किसी कन्टोन्मेंट में कैसे सरकमस्टांसिज हैं, जैसे पूरा देश यूनिफार्म नहीं है, बहुत चीजों में विविधताएं हैं ऐसी कैन्टोन्मेंट की भी विविधताएं हैं, लेकिन आप यहां तय कर रहे हैं 10 परसैंअ से कम और 30 परसैंट से ज्यादा नहीं लगाएंगे, इस पर भी मैंने एक संशोधन दिया है।

इसी तरह से दो छोटी-छोटी चीजें आप इस बिल में लाए हैं कि वोटर लिस्ट हर वर्ष बनेगी। सर, कहीं हुआ है ऐसा आज तक? वोटर लिस्ट चुनावी वर्ष में बने, यह तो समझ में आता है, पर वोटर लिस्ट हर वर्ष बनेगी! कितना पैसा खर्च होता है वोटर लिस्ट बनाने में, कितना काम बढ़ता है। हम वोटर लिस्ट को हर वर्ष बनाकर क्यों यह ख्वामख्वाह काम बढ़ाना चाहते हैं? आप कहिए कि वोटर लिस्ट चुनावी वर्ष में बनेगी।

इसी तरह से आपने कहा है कि असैसमेंट हर तीन साल में होगी। बगल में नगर पालिका में असैसमेंट 5 साल में हो रही है। आप तो जानते हैं, सर, जब असैसमेंट होती है तो टैक्स बढ़ता ही बढ़ता है। तो जो बराबर की नगर पालिका है, उसमें तो असैसमेंट हो रही है 5 साल में और आप इसमें कह रहे हैं 3 साल में होगी। आपकी स्टेंडिंग कमेटी ने कहा है कि 5 साल की होनी चाहिए, उन्होंने बोला है। मैं पढ़ रही हूं पेज 36, पैरा 5.8:-

"In view of the suggestions received from the non-official witnesses, the Committee recommends that new assessment list should be prepared every five years instead of three years, as provided in the clause." इसका मतलब यह है कि यह सुझाव कमेटी ने वैसे ही नहीं दे दिया। सर, जब यह बिल उनको रैफर हुआ तो स्टैंडिंग कमेटी के लोगों ने पब्लिक ओपीनियन के लिए, कहते हैं न कि to elicit public opinion, यह बिल लोगों को दिया। जगह-जगह से ऐसोसिएशन्स, इंडीवीजुअल्स और ऑर्गनाइजेशन्स आई, उनके सामने उन्होंने ज्ञापन दिए। अम्बाला कैंट बंगलों ओनर्स ऐसोसिएशन के लोगों ने भी ज्ञापन दिया और जब मैं उधर उस ज्ञापन को और इधर स्टैंडिंग कमेटी की रिपार्ट्स को देख रही थी तो मैं हैरान हो रही थी। रक्षा मंत्री जी, मैं आपको यह बताना चाहती हूं, उस ज्ञापन में दिए गए बिन्दुओं में से 90% बिन्दुओं के साथ स्टैंडिंग कमेटी ने सहमति जताई है और यह सिफारिशें की हैं, जो जनता चाहती है। वह अकेले अम्बाला कैंट बंगलो ओनर्स ऐसोसिएशन से नहीं आया हुआ है, सारे कैन्टोनमेंट की लगभग एक-सी समस्याएं हैं, सब लोगों ने आ कर कहा होगा। इस तरह उन्होंने 90% बिन्दु माने, लेकिन मुझे दु:ख से कहना पड़ता है कि आपने एक भी नहीं माना। जो बिल उनके पास गया, वह बिल मूल रूप का ही है। आपने 60 संशोधन दिए हैं, उन साठों संशोधनों को पढ़ने में मुझे चार घंटे का समय लगा, लेकिन मेरा जरा सा भी समाधान नहीं हुआ। हमारे यहां से आए हुए एसोसिएशन के बिन्दुओं को कमेटी ने इतना अच्छा समझा कि 90% बिन्दुओं के ऊपर उन्होंने सहमति जताई है, हमारे पक्ष में रिकमेंडेशन किया है, जिन्होंने ज्ञापन दिए, उन ज्ञापनों के पक्ष में किया है, लेकिन आपने साठ संशाधनों के बावजूद एक भी संशोधन स्वीकार नहीं किया। आप मेरी वेदना समझ सकते हैं? मैंने बिल को पढ़ने के बाद इतना समय उस पर लगाया, लेकिन एक जगह भी मुझे राहत की सांस दिखाई नहीं दी कि आपने स्टैंडिंग कमेटी का कोई रिकमेंडेशन माना हो।

आपने इसका एक उद्देश्य बताया है कि मैनेजमेंट ऑफ डिफेंस लैंड और लैंड पॉलिसी। यह जो लैंड पॉलिसी की बात है, इसके बारे में मैं आपसे कुछ कहना चाहती हूं। आप जानते हैं कि डिफेंस की टोटल लैंड 17,31,000 एकड़ है, जिसमें से 2,00,000 एकड़ कैन्टोनमेंट्स के पास है और 15,31,000 एकड़ डिफेंस के पास है। सीएजी तक की रिपोर्ट्स भी हैं कि यह मैनेजमेंट सही तरीके से नहीं हो रहा है और सर, मैं आपको कहना चाहती हूं कि कभी किसी कैन्टोनमेंट में जाकर वहां के रहने वाले लोगों की दुर्दशा देखिए। बुनियादी सुविधाओं के लिए भी जो जमीन मिलनी

चाहिए, वह जमीन भी कैंटोनमेंट नहीं देता है। जैसा कि मैंनें कहा कि जनसंख्या कितनी गुनी हो चुकी है, उस कई गुना हो चुकी जनसंख्या का आकलन करते हुए आपने अपना कैंटेगराइजेशन बढ़ा दिया और 'श्रेणी एक' का कैन्टोनमेंट आपने 50,000 से ऊपर कर दिया जो 10,000 से ऊपर था।

सर, वहां पर टॉयलेट्स नहीं हैं, सैनिटेशन नहीं हैं, पार्क्स नहीं हैं, स्कूल्स नहीं हैं, डिस्पेंसरीज नहीं हैं, हॉस्पिटल्स नहीं हैं। वहां पर रहते तो लोग ही हैं न, रहते तो इन्सान ही हैं न, क्या ये सारी चीजें उन्हें नहीं चाहिए? लेकिन वह मिलिटरी की लैंड है, उसे आप इतना सा भी छू नहीं सकते। प्राइवेट लैंड नहीं है, जिसे आप खरीद कर बना लें। बाकी जगह पर तो प्राइवेट अस्पताल बन जाते हैं, प्राइवेट स्कूल्स बन जाते हैं, कहीं-कहीं पर लोग नगरपालिका से जमीने ले लेते हैं, वहां ये चीजें बना देते हैं। चूंकि वह डिफेंस की लैंड है, आप एक इंच जमीन भी नहीं ले सकते, लेकिन आपकी इस लैंड पॉलिसी के कारण वहां पर लोग इस तरह से रह रहे हैं कि लगता है जैसे नारकीय जीवन बिता रहे हों।

सर, मैं जिस बंगले की बात कर रही हूं, मैं बहुत बार अपने पिता जी से कहती थी कि बाऊ जी, हम वहीं जाकर रहेंगे क्योंकि वहां रहने के लिए मेरा मन करता है, लेकिन चूंकि वहां पर आप कुछ बदल ही नहीं सकते, घर पुराने पुराने बने हुए हैं जैसा कि मैंने कहा कि मैं वहां पर साईकिल लेकर पढ़ने चली जाती थी कि चलो वहां पर पढ़ कर आऊंगी। वहां पर आऊट हाउसिज थे और उन आऊट हाउसिज में जो लोग रहते थे, उनकी दुर्दशा देख कर मुझे रोना आता था, लेकिन हम कुछ नहीं कर सकते थे। आप उसकी छत नहीं बदल सकते, आप उसकी दीवार नहीं बदल सकते, आप उसका फर्श नहीं बदल सकते आप अन्दर भी काम नहीं करवा सकते। मतलब यह है कि लोग वहां पर नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। यह कैसी लैंड पॉलिसी है? आपने लैंड लेकर बेची है, वहां इन्सान रहते हैं और उन इन्सानों की जनसंख्या दस, बीस या पचास गुनी हो गई है। उन्हें स्कूल चाहिए, अस्पताल चाहिए, डिस्पेंसरी चाहिए उन्हें टॉयलेट्स चाहिए, लेकिन कैन्टोनमेंट में लैंड पॉलिसी ऐसी बनी हुई है कि आप उनके लिए कुछ नहीं दे सकते। कृपा करके आप अपनी लैंड पॉलिसी को बदलिए। मैनेजमेंट ऑफ लैंड्स के अंदर जो लैंड डिफेंस के पास है, आप उसे रखिए, आप उस पूरे को मैनेज करिए या फिर उसमें से सिविल एरिया काटिए, लेकिन आपने जो कैन्टोनमेंट में जमीने दी हैं उनके साथ ऐसा न कीजिए।

अब मैं आपको एक उदाहरण देती हूं, शायद आपको मालूम होगा अन्यथा आप लिख लीजिए, अम्बाला में एक माली परेड नाम की जगह है। डेढ़ सौ साल से वहां पर वह माली रहते हैं उनके पास कोई बड़े खेत नहीं हैं, बीघों में जमीनें हैं और वे केवल सब्जी बोते हैं। मुझे वैसे ही वह सब्जी के खेत अच्छे लगते थे और वैसे भी वह मेरी वह मेरी कांस्टीटयूएंसी का हिस्सा था इसलिए मैं वहां पर जाकर बैठ जाती थी। वहां पर गोभी, मूली उगे हुए हैं, वे केवल सब्जी की

खेती करते थे। उनके पास बहुत छोटे-छोटे खेत हैं, वे केवल एक-एक या दो-दो बीघे जमीन के मालिक हैं और डेढ़ सौ साल से वहां हैं। हर चौथे महीने उनके सिर पर तलवार लटका दी जाती है कि तुम्हें उजाड़ रहे हैं। बीसियों बार तो मैंने जाकर के वे नोटिसेज रुकवाए। हर रक्षा मंत्री के सामने गुहार की, लेकिन चूंकि आज बिल के ऊपर बोलने का मौका मिल रहा है, रक्षा मंत्री जी, मैं पूरी वेदना के साथ जो भी वजन मेरा है उसके साथ, राजनीतिक वजन की बात कर रही हूं, मैं गुहार करना चाहती हूं कि इस मसले का आप हल निकलवा दीजिए, डेढ़ सौ साल से वे माली वहां बैठे हैं, जहां माली परेड की जगह कही जाती है, बहुत थोड़ी सी जगह है। यह तय हो गया था कि हरियाणा सरकार उसके बदले में उतनी जमीन उन्हें देगी और यह जमीन आप उनको एलॉट कर देंगे। लेकिन आज तक वह हुआ नहीं है और हरियाणा में अब सरकार आप ही की है। अगर आपको उसमें कोई कमीबेशी हो तो आप कर लीजिए, जितनी जमीन आपको लेनी है लीजिए। पर, मैं कहना चाहती हूं कि लेने की जरूरत नहीं है, आपके पास बहुत जमीन है। क्यों लालची हो रहे हैं, क्यों लोभी हो रहे हैं। जिनके पास कम हो वह तो कहे कि डेढ़ सौ एकड़ के बदले में डेढ़ सौ एकड़ दो तब हम देंगे। आपके पास तो लाखों एकड़ जमीन है, कैन्टोनमेंट्स में आप दो लाख एकड़ के मालिक हैं। कैंटोंमेंट बोर्ड के अलावा 15 लाख 31 हजार एकड़ के मालिक हैं आप डिफेंस लैंड के, आपके लिए डेढ़ सौ एकड़ क्या मायने रखता है। लेकिन अगर उस डेढ़ सौ एकड़ को आप वहां दे देंगे तो वहां घर बस जाएंगे, हजारो घर बस जाएंगे और दूआएं देंगे लोग आपको। आपकी एक लैंड पॉलिसी के कारण वे माली परेड के लोग हर दिन बेघर होने का डर लेकर के जी रहे हैं। इसलिए मैं आपसे कहना चाहती हूं कि इस माली परेड का मसला सुलझा दीजिए। इसी तरह से बंगलोज में दो तरह की जमीन है, ओल्ड ग्रांट की जमीन है और लीज की जमीन है। अय लोग कहते हैं कि कानून के मुताबिक ओल्ड ग्रांट की जमीन पर आपका कोई हक नहीं है। लेकिन ओल्ड ग्रांट की जमीन के ऊपर भी आप अपना हक जमाए बैठे हैं। लोग इतनी सी चीज इधर से उधर नहीं कर सकते और हर बार आकर रोते हैं लेकिन हम अपने आपको असहाय पाते हैं, क्योंकि मिलिट्री का मामला है, बाकी कोई हो तो हम कर भी लें। इसीलिए जो मैनें प्रारम्भ में भी कहा था कि अगर निर्वाचित सदस्य कैंटोंमेंट बोर्ड में ज्यादा होंगे तो वे यह फैसले संवेदनशीलता से ले सकेंगे, चाहे वह टैक्स के एसेसमेंट का फैसला हो, चाहे वह ओल्ड ग्रांट का मसला हो, चाहे वह लीज होल्ड जमीन का मसला हो, चाहे वे इस तरह के मसले हों। अगर आप अध्यक्ष निर्वाचित बना देंगे, तो कम से कम वे लोग बैठ करके इनके फैसले संवेदनशीलता से कर सकेंगे जो नहीं हो पा रहे हैं। लेकिन आपने तो जैसा मैनें कहा कि अभी तक जो निर्वाचित सदस्य किया करते थे, आप तो वे अधिकार भी ले रहे हैं और वे अधिकार भी सी॰ई॰ओ॰ को दे रहे हैं। तो आज के बाद यह बिल पारित हो जाने के बाद तो कैंटोंमेंट बोर्ड स्टेशन कमांडिंग आफिसर और सी॰ई॰ओ॰ के द्वारा चलाया जाएगा और बाकी तो निर्वाचित सदस्य ठीक हैं, एक उनको तमगा जरूर मिल जाएगा कि वे एक बोर्ड के सदस्य चुनकर गए हैं, लेकिन जाकर बैठेंगे और चलेगी अफसरों की और

अल्टीमेटली जो वे चाहेंगे, वह होगा। आप मानिए तथा जो संवेदनशीलता एक इलेक्टेड मेंबर में होती है, जनप्रतिनिधि में होती है, वह जगह-जगह जाता है, बैठता है, वह अधिकारी में नहीं होती। यह हमसे ज्यादा कौन जानेगा, आपसे ज्यादा कौन जानेगा। इसीलिए मैं मंत्री जी के आगे गुहार कर रही हूं, वरना बीसियों बार तो वहां के अफसरों से बात हो चुकी है और आज यह मौका मिला इस अवसर का लाभ उठा करके, क्योंकि प्रासंगिक हैं यह चीजें। मैं आपके सामने कहना चाह रहीं हूं कि रक्षा मंत्री जी, केवल इन मसलों का हल नहीं करिएं बल्कि यह जो स्टैंडिग कमेटी की सिफारिशें हैं, आपको कुछ नहीं करना, स्टैंडिंग कमेटी की जो सिफारिशात हैं, उनके आधार पर आप संशोधन ले आइए। अभी यह बिल इस रूप में पारित कराना चाहते हैं करा लीजिए, इस स्टेंडिंग कमेंटी की सिफारिशों को मुझे लगता है कि आपने देखा नहीं। और जैसे-जैसे अधिकारियों ने आगे बिल दे दिया उस तरह से आप बिल ले आएं स्टैंडिंग कमेटी की सिफारिशों को पढ़िय तो। स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष बाबा साहेब विखे पाटिल थे, जिनको आपने देखा कि वे स्वंय कितने सादे, कितने भोले, कितना लोगों को जानने वाले वह व्यक्ति हैं, आप ही के दल में। लेकिन उनकी अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी ने यह सिफारिशे दी हैं, ये अनुशंसाएं दी हैं, अगर आपने इन सिफारिशों को पढ़ लिया होता और अध्ययन करने के बाद एनेलाइज कर लिया होता तो मेरा मन कहता है कि आप निश्चित तौर पर इसमें से बहुत से संशोधन स्वीकार करके लाते। लेकिन शायद व्यस्तता के कारण आप इसको देख नहीं पाए। मेरी आपसे गुहार है कि जो संशोधन आज मैं लाई हूं, वे सारे के सारे स्टैंडिंग कमेटी की सिफारिशों पर आधारित हैं, 19ए और 68 को छोड़कर जो वह आपकी स्टैंडिंग कमेटी में नही है लेकिन मुझे यह लगता है कि उसके ऊपर उनका कमेंट जरूर था। लेकिन बाकी सारे के सारे संशोधन स्टैंडिंग कमेटी की सिफारिशों के आधार पर ही मैंने बनाए हैं, उनको आज स्वीकार कर लीजिए। लेकिन बाकी जो कमेटी की सिफारिशें हैं, उनको भी लेकर के आप नया बिल लाइए। आखिरी बात, आपसे एक निवेदन करना चाहूंगी कि 1999 से लेकर कैंटोंमेंट बोर्ड के चुनाव नही हुए। वह आखिरी चुनाव था उसके बाद कैंटोमेंट बोर्ड वैरी कर दिए गए और वैरी कर जाने के बाद सात साल हो गए, चुनाव नहीं हुए। सिकन्दराबाद में एक पिटीशन डाली हुई है, उस पिटीशन पर फैसला पक्ष में हुआ है तथा 8 अगस्त को चुनाव होने वाले हैं। वे पुराने एक्ट के तहत ही हो रहे हैं मैं आपसे कहना चाह रही हूं कि बिल पारित हो जाने के बाद, आप यह भी आश्वासन दे दीजिए कि इस बिल के पारित होने के तुरन्त बाद आप चुनाव करायेंगे, ताकि सात वर्ष से जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया Cantonment बोर्ड्स में रूकी हुई है, वह प्रक्रिया वापस शुरू हो जाए, दोबारा से चुने हुए लोग आ जाएं, लेकिन चुने हुए लोग ऐसे ही नहीं आएं, हां, एक बात और रह गई है, जिसे मैं आपसे कह देनी चाहती हूं। रक्षा मंत्री जी, आपने एम॰पी॰ और एमएलऐज को इसमें मेम्बर बनाया है। विधायक और सांसद को आपने एक्स ऑफिसियों मेम्बर इसमें बनाया है, लेकिन उनको राइट टू वोट नहीं दिया है, उनको वोट का अधिकार नहीं दिया है। आज जब डीम्ड म्युनिसिपलिटीज़ कहते हैं, तो आप देखिए कि संविधान

की धारा 243PE इसमें यह है कि जो एमएलए और एम०पी० वहां सदस्य होंगे, उनको राइट टू वोट दिया जा सकता है और बहुतों ने दिया। जब मैं दिल्ली से एम०पी० थी तो म्युनिसिपल कारपोरेशन की मेम्बर भी थी, हमें राइट टू वोट था, पंजाब में राइट टू वोट है, चंडीगढ़ में राइट टू वोट है, तो नगरपालिका में जहां सांसदों को, विधायकों को मेम्बर बनाया जाता है, वह दर्शनी दीवे बनाने के लिए नहीं बनाया जाता है कि वे वहां पर जाकर शोभा बढ़ा दें, बैठ जाएं, बल्कि इसलिए बनाया जाता है कि वह निर्णय प्रक्रिया में भागीदार हों। श्रीमती अम्बिका जी, यहा पर बैठी हैं, वह यहां दिल्ली से राज्य सभा की एम०पी० थीं, वह जरूर दिल्ली म्युनिसिपल कारपोरेशन की उस समय मेम्बर रही होंगी, Yes, a Member of Parliament from Delhi, राइट टू वोट के साथ। श्री जनार्दन जी हैं, तो मैं आपसे यह भी कहना चाहूंगी कि जब आपने एमएलए और एम०पी० को वहां पर एक्स आफिसियों मेम्बर बनाया है, तो उनको राइट टू वोट तो दीजिए। वह भी एक संशोधन मैंने दिया है, जिसमें मैंने कहा है कि उनको मतदान का अधिकार दिया जाना चाहिए। ये तमाम चीजें, जो बातें आपके सामने कही हैं, मैंने प्रारम्भ में ही कहा था कि मैं केवल अपने मन की वेदना, अपने अनुभव, अपनी समझ और जो मैंने स्वयं भोगा है, उसके आधार पर मैंने ये बातें रखी हैं। मुझे लगता है कि रक्षा मंत्री जी, मेरी इस वेदना को समझेंगे और जो मेरे संशोधन हैं, उन संशोधनों को भी स्वीकार कर लेंगे और बाद में स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर नये संशोधन लाकर इस बिल को ज्यादा लोकतांत्रिक बनायेंगे, तब ते यह उद्देश्य सार्थक हो सकेगा, उस उद्देश्य की पूर्ति हो सकेगी, जो इसके उद्देश्यों और कारणों के विवरण में लिखा है, वरना तो एक बिल और हम पारित कर देंगे और मैं आपसे कह दूं कि अगर यह बिल इसी रूप में पारित हुआ तो 1924 के बिल से ज्यादा undemocratic Bill कहा जायेगा, ज्यादा retrograde Bill कहा जायेगा, ज्यादा regressive Bill कहा जायेगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री जय प्रकाश अग्रवाल** (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): उपसभापति महोदय, मैंने बड़े ध्यान से सुषमा जी का भाषण सुना। यह सही भी है, जैसा कि उन्होंने बताया कि Cantonment में उनका जन्म हुआ, तो वह आज दिल से बोल रही थीं, लेकिन जब दिल्ली के मसले पर बोलीं तब शायद दिल से नहीं बोलीं। उनके आज उद्गार सुनने वाले थे, उस दिन के उद्गार सुनने वाले नहीं थे। जो तेजी आपने आज दिखाई, वह तेजी आपने उस दिन नहीं दिखाई और मुझे खुशी है कि आज आप बहुत अच्छा बोलीं, जो मुद्दे जरूरी थे, वे भी अपने रखे..।

**श्री उपसभापति:** वह बोल रहे हैं दिल्ली के बारे में कुछ नहीं बोला।

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** सर, दिल्ली वाले में तो मैं सेकेंड स्पीकर थी। उस पर जेटली जी बोले थे, मुझे तो दो मिनट ही बोलने के लिए मिले थे और उस समय की वेदना तो शायद आज से ज्यादा थी। आप देखो तो सही।

**श्री जय प्रकाश अग्रवाल:** आज वेदना ज्यादा थी।

**श्रीमती सुषमा स्वराज:** अपनी-अपनी समझ की बात है।

**श्री जय प्रकाश अग्रवाल:** उस दिन बहुत कम थी। मुझे खुशी है कि मंत्री जी आप इस बिल को लाए और इस बिल की बहुत सख्त जरूरत थी। आपकी तकरीबन 62 छावनियां पूरे हिन्दुस्तान में हैं और ये एक टापू की तरह से अलग-अलग जगह पर हैं। जैसे आप दिल्ली का Cantonment एरिया ले लें, पहले जब कभी भी बना होगा, यह छावनी के नाम से जाना जाता है। मैं तो पुरानी दिल्ली में पैदा हुआ हूं। उस समय कहते थे कि हम छावनी जा रहे हैं, तो यह जो एरियाज़ हैं, ये सब अब शहर के बीच में आ गये हैं और ये शहर के हिस्से हैं। आज जो यह बिल लाये हैं, इसमें ज्यादातर सिविक एमिनिटीज़ के बारे में कहा गया है। यह जो छोटे-छोटे म्युनिसिपल टाइप बोर्ड्स बनेंगे, जो उस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के दुख-सुख का ध्यान रखेंगे या उनके लिए काम करेंगे, उसी में से वे लोग चुने जायेंगे, जो उस बोर्ड के मेम्बर बनेंगे। अच्छा तो यह होता कि आप इसमें बहुत सारे एरियाज़ को कारपोरेशन के जिम्मे करते, ताकि इससे डुप्लीकेसी नहीं होती। दिल्ली सरकार भी यही काम कर रही है और दूसरे स्टेट्स में जहां-जहां ये हैं, वहीं काम करेंगी। जैसे-बिजली है, पानी है, टैक्स है, शिक्षा है, ये सारी चीजें बजाय Cantonment के जो सिविक एरियाज़ हैं और जो आपके मिलिट्री एरियाज़ हैं, उनमें अगर कोई डिविजन करके करते, तो शायद यह डुप्लीकेसी नहीं होती। लेकिन फिर भी जो बिल आप लाए हैं, उस बिल से कैंटोनमेंट एरिया में रहने वाले लोगों को फायदा होगा, उनको अपनी बात उस बोर्ड में रखने का दोबारा से मौका मिलेगा। जो कई साल से वहां चुनाव नहीं हुए और जिस तरह से वे काम करते थे, इफेक्टिवली और अधिक काम वे कर सकेंगे। इसके अलावा उनका वहां की लोकल बॉडीज़ के साथ बराबर संबंध बना रहेगा। मुझे बहुत खुशी है, मैंने तो दिल्ली में देखा था कि जो हमारे कैंटोनमेंट बोर्ड के मैंबर्स थे, वहां बराबर चुनाव होते थे और कांग्रेस के जो मेंबर जीतते थे, वे बहुत अच्छा काम करते थे-ज्यादातर उसमें कांग्रेस के ही मेंबर थे-वे लोगों के लिए चीखते थे, चिल्लाते थे, काम करते थें यह एक ऐसी बॉडी है, जहां लोग बैठकर अपना फैसला खुद कर सकते हैं लेकिन इस बिल में जहां अच्छाई है, वहां कुछ परेशानियां भी हैं। उन परेशानियों को वहां बैठकर वे दूर नहीं कर पाएं । उसके लिए आपको उनको और ताकत देनी पड़ेगी। जिस तरह सुषमा जी ने भी एक दो ाइंट्स कहे। जैसे लोगों के पास रेंटिड एरिया है। जब कैंटोनमेंट बने हैं, पचास-पचास, साठ-[illegible] से पुराने रेट के ऊपर जो उनके पास जगह है, जिनकी वे मरम्मत नहीं कर सकते, उसमें वे रह रहे हैं-पूरे का पूरा परिवार रह रहा है, उसमें वे कोई तबदीली नहीं कर सकते। अब इसमें सबसे बड़ी परेशानी यह है कि अगर वे चाहते हैं कि जेनेरेशन बदलती है और अगर किसी के फादर नहीं रहे तो वह क्या करें? वहां की एजेंसी यह कहती है कि आप इस मकान को खाली करें, इस जगह को खाली छोड़कर चले जाएं। लेकिन रहने वाले वहां रहते हैं, इससे मुकदमेबाजी बढ़ रही है। उनके

बेटे वहां रहते हैं। मेरी आपसे दरख्वास्त है कि जो रेंटिड प्रॉपर्टीज़ हैं, उनके बारे में कोई फैसला करें। मुझे नहीं लगता है कि इस बिल के अंदर कहीं आपने उसके बारे में एक लफ्ज भी कहा है। इससे जो लिटीगेशन है, वह भी कम होगा और वहां के रहने वालों को राहत मिलेगी। दूसरा, वहां पर बहुत सारी लीज़ होल्ड प्रॉपर्टीज़ हैं। उनकी भी वही समस्या है। जब सारी दिल्ली में आपने लीज़ होल्ड प्रॉपर्टीज़ को फ्री होल्ड करने के लिए छूट दी है और यह कहा है कि आप एक स्पैसिफिक पैसा जमा कर दें और उसके साथ वे उसे फ्री होल्ड कर देंगे, तब यह छूट वहां पर भी होनी चाहिए ताकि जिस समस्या से वे जूझ रहे हैं, जो दिक्कत उन्हें महसूस हो रही है, उनकी वह दिक्कत दूर हो जाए। तीसरा, इसमें सिविल एरिया का है। कई बार जो उनका सिविल एरिया है, उसके अंदर लोगों को दिक्कत होती है, बोर्ड उनकी दिक्कतों को दूर नहीं कर पाता। कई बार डीमार्केशन ने होने की वजह से वे यह कह देते हैं कि हमारा एरिया नहीं है। आपके यहां जाते हैं तो आप कह देते हैं कि हमारा एरिया नहीं है। इससे उनको परेशानी होती है। सबसे ज्यादा परेशानी बिजली और पानी की होती है। कई केसिज़ ऐसे भी आए हैं कि जो टेक्स आप लगाते हैं-जो प्रॉपर्टीज़ आपके अंडर नहीं भी आतीं, उनको भी आपके यहां से पहले नोटिसेज़ जाते रहे हैं। इस प्रकार मुझे समझ में नहीं आता कि इसका हल कैसे होगा? जो वहां चुने हुए नुमाइंदे हैं, जो वहां चुनाव होंगे, जो लोग चुनकर आएंगे, वे उसको दूर कर पाएंगे या आप कोई ऐसी ताकत देंगे? कोई ऐसी डिटेल होनी चाहिए जिससे उनकी वह परेशानी दूर हो सके। इसके बाद बिल में आपने कहा है-मैं सुषमा जी से सहमत हूं कि जो आपने मैंबर्स की तादाद रखी है, वह आज की तारीख में बहुत कम है । हालांकि कापोरेशन के मुकाबले या छोटी कमेटियों के मुकाबले यह कम है कि दस हजार के ऊपर तकरीबन एक मैंबर आएगा या सात हजार या आठ हजार के ऊपर, लेकिन फिर भी अगर इससे ज्यादा तादाद आप बढ़ाते तो अधिक लोगों का रूझान होता, और ज्यादा काम वे कर पाते, लोगों की जो शिकायतें हैं, उन्हें सुनने के लिए ज्यादा लोग हो जाते और बोर्ड की मीटिंगों में वे उनके लिए लड़ सकते थे। इसके बाद आपने इसमें बूचड़खाने के लिए कहा। आपके जो मैंबर बनकर आएंगे, जो मैंबर्स वहां पर काम करेंगे, उन मैंबर्स को आप क्या एमिनिटीज देने वाले हैं? पहले तो उनके पास कोई साधन नहीं थे, आप टेलीफोन तक नहीं देते थे, टेलीफोन का पैसा भी उनका अपना खर्च होता था सेवा भाव है, सारी चीज़ है लेकिन अगर कुछ एमिनिटीज आप मैंबर्स को दें तो और अच्छा काम वे कर पाएंगे- ये देनी चाहिए। इसमें आपने आपने बुचड़खाने का जिक्र किया है। मुझे नहीं लगता कि उस छोटे से एरिये में-दिल्ली की बात मैं कर सकता हूं, दूसरी जगहों का मुझे मालूम नहीं- एक छोटा सा एरिया कैंटोंमेंट का होता है, उसमें बूचड़खाने की क्या जरूरत है। एक अलग slaughter house उस जगह बनाएंगे, हालांकि अब दिल्ली में environment के तौर पर कोर्ट ने भी कहा और जो प्रेजेंट बूचड़खाना पिछले साठ-सत्तर साल से था, उसको हटाकर हम नोएडा ले गए हैं, दूसरी जगह ले गये हैं, गाजीपुर ले गए हैं। मैं चाहता हूं कि यह क्लॉज अगर न हो तो ज्यादा अच्छा है। वरना एन्वायरन्मेंट की प्रोब्लम आएगी और एक छोटे से एरिया में, छोटी जगह के लिए बूचड़खाने की कोई जरूरत नहीं होगी, मैं नहीं समझता हूं

कि यह होना चाहिए। यदि हो सके तो आप बिल के बाद कोई ऐसी क्लॉज उनको बनाकर दें, ताकि वहां पर यह बूचड़खाना न खुले। इसके खुलने से वहां परेशानी होगी। दूसरा, आपका एरिया एयरपोर्ट के पास भी है, अगर आप वहां पर बूचड़खाना बनाएंगे तो आपको एयरपोर्ट वाले, एयर फोर्स वाले और एयर लाइन्स वाले भी कहेंगे कि यह वहां नहीं होना चाहिए। दूसरा, आपने इसमें एक burial ground और बर्निंग ग्राउंड के लिए इसमें लिखा है। सर, ये दिल्ली में कई जगह बने हुए हैं। छोटी तादाद के लिए अलग से बनाना कोई जरूरी नहीं है। मैं नहीं समझता कि वहां आपको कोई ऐसा ग्राउंड बनाना चाहिए। वहां एक असेम्बली का मैम्बर है, लेकिन सैन्ट्रल गवर्नमेंट की कुछ ऐसी पॉलिसीज हैं, बिलों पावर्टी लाइन के लिए भी हैं, वे कैसे लागू होंगी? क्या आपकी सिविक बॉडी उनको एडोप्ट करेगी? जिसमें से स्लम एरियाज एम्प्लूवमेंट ऑफ एन्वायरन्मेंट प्रोग्राम है, नेशनल सोशल सिक्यूरिटी स्कीम है, SCDC (POP) for scavengers है, नेशल स्लम एरियाज डेवल्पमेंट प्रोग्राम्स है, अन्नपूर्णा फॉर BPL है, Girl's betterment scheme - Rs. 500/- each on two girls birth पर हैं, इसी तरह से providing urban Structure in rural areas है, Jawahar National Urban Restructuring Mission है, इसी तरह State Urban Agenda for Rajasthan हैं, *Bharat Nirman* Programme इस तरह के कई प्रोग्राम हैं। मैं आपसे यह जानना चाहता हूं कि आपका बोर्ड ये प्रोग्राम्स एडोप्ट करके लागू करेगा या जो हमारी एसेम्बली है, उसके द्वारा लागू होगा? इसके बाद कुछ और स्कीम्स हैं, जैसे out of turn electricity Agri-Connection to BPL's (State)' जो सैन्ट्रल गवर्नमेंट की पॉलिसिज हैं, वहां उनको कौन लागू करेगा? क्या उनका स्टेट गवर्नमेंट लागू करेगी या आपके बोर्ड लागू करेंगे? मैं आशा करता हूं कि जो सवाल मैंने रखे हैं, आप उनका उत्तर देंगे, लेकिन अच्छा है यह बिल देर से आया, लेकिन आया और इससे हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों को ताकत मिलेगी। अभी श्रीमती सुषमा जी ने कहा है कि वहां पर सात-सात मैम्बर्स होंगे, चौदह मैम्बर्स होंगे, वोटिंग नहीं होगी। दिल्ली एसेम्बली में भी 70 मैम्बर्स हैं। इन बातों का तो ज्यादा मतलब नहीं होता है, कारपोरेशन में 140 सीटें हैं, वहां भी वोटिंग होती है। वैसे odd और even नम्बर से कोई ज्यादा फर्क पड़ने वाला नहीं है, लेकिन, मैं इतना जरूर चाहता हूं कि जो मैम्बर्स की तादाद है, उसे बढ़ा देंगे, तो इससे फायदा होगा। धन्यवाद।

